बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

पत्रांक–सं०सं०–04 / मं०स० का० का०गठन–1379 / 10 ....285...... /

प्रेषक,

अरविन्द कुमार वर्मा
विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिलों के माननीय प्रभारी मंत्री के आप्त सचिव
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक–....17-05....2026

विषय :– **दिनांक–19.05.2026 को जिलों में आयोजित "सहयोग शिविर" में सहभागिता के संबंध में।**

प्रसंग :– मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग का पत्रांक–284, दिनांक–16.05.2026।

महाशया / महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्र के द्वारा जन शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु दिनांक–19.05.2026 को आयोजित प्रथम **"सहयोग शिविर"** में सभी जिलों के माननीय प्रभारी मंत्री की उनके प्रभार वाले जिले में सहभागिता का अनुरोध किया गया है। साथ ही, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक का भी अनुरोध किया गया है। इस संबंध में निदेशानुसार यह स्पष्ट किया जाता है कि जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक–19.05.2026 को ही आयोजित किया जाना अनिवार्य नहीं है। उक्त बैठक **द्वितीय "सहयोग शिविर"** के आयोजन के पूर्व किसी भी सुविधाजनक तिथि को आयोजित की जा सकती है।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त सूचना से सभी जिलों के माननीय प्रभारी मंत्री महोदया / महोदय को अवगत कराने की कृपा की जाए। इसकी सूचना सभी जिलाधिकारियों को भी दी जा रही है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
17/05/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव।

ज्ञापांक–04 / मं०स० का० का०गठन–1379 / 10 ....285...... / पटना–15, दिनांक–....17.05.......2026

प्रतिलिपि– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार / सभी जिला पदाधिकारी, बिहार / सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/05/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव।